# कर्मचारी बीमा निगम का शाखा कार्यालय नये भवन में शिफ्ट



**भोपाल @ पत्रिका.** कर्मचारी राज्य बीमा निगम का शाखा कार्यालय पूर्व में अस्थायी रूप से सोनागिरी अस्पताल परिसर में संचालित किया जा रहा था।

इसे नए भवन एमआइजी-1, गुरुद्वारा कॉम्प्लेक्स के सामने न्यू सुभाष नगर में स्थानांतरित कर दिया गया है। इसका उद्घाटन उप क्षेत्रीय कार्यालय के संयुक्त निदेशक(प्रभारी) केसी झा ने किया। इस दौरान झा ने बताया कि निगम की व्यापक सामाजिक सुरक्षा हितलाभ जैसे उचित चिकित्सा देखभाल, रोजगार चोट, बीमारी हितलाभ और मृत्य उपरांत आश्रितों को नगद हितलाभ उपलब्ध कराने वाला एक प्रमुख सामाजिक सुरक्षा संगठन है। कार्यक्रम में चिकित्सा निदेशी डॉ. एचसी यादव, उप निदेशक (वित्त) राजेन्द्र टुडू, सहायक निदेशक (हितलाभ) शैलेन्द्र कुमार, सहायक निदेशक जितेन्द्र कुमार और शाखा प्रबंधक देवेश झारिया मौजूद थे।